हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 10 अगस्त 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 मनमानी सीसी बनी जी का जंजाल, गंदे जलभराव...



07 क्रांति दिवस पर कांग्रेसियों ने निकाली तिरंगा यात्रा...



खबर संक्षेप

आबकारी अमले ने की रात्रि गश्त और टेस्ट परचेस की कार्रवाई

सागर। सहायक आबकारी आयुक्त के आदेश पर आबकारी अमले द्वारा शहरीय क्षेत्र में रात्रि गश्त के दौरान कंपोजिट मदिरा दुकान मकरोनिया-2, सिविल लाइन, गोपालगंज, पुरव्यऊ, मधुकरशाह वार्ड, तिलीगांव एवं गऊघाट पर टेस्ट परचेस की कार्यवाही की गई। मदिरा दुकानों के आसपास अवैध मदिरापान के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 36 के तहत प्रकरण कायम किया गया। इसके साथ ही मदिरा दुकानों के आसपास अनावश्यक रूप से एकत्रित व्यक्तियों के जमावड़े को हटाया गया, जिससे आमजन को आवागमन में सुविधा हो तथा यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सके। दुकानों के आसपास लगी हरी मेटी को भी हटवाया गया।

वी क्लब प्रेरणा ने संजीवनी आश्रम में मिष्ठान का वितरण किया

सागर। वी क्लब सागर प्रेरणा ने भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ संजीवनी बाल आश्रम में धूमधाम से मनाई। इस अवसर बच्चों को वस्त्र एवं फल मिठाई वितरण किए गए । क्लब अध्यक्ष वी पूनम मेवाती ने आजादी के लिए किए गए आंदोलन पर प्रकाश डाला । सचिव वी सीमा गुप्ता ने कहा वीर सेनानियों के संघर्ष से अंग्रेज भारत छोड़ भागने को मजबूर हुए । कोषाध्यक्ष वी लक्ष्मी गुप्ता ने कहा कि आजादी की रक्षा करने सजग रहना है। इस अवसर पर आश्रम संचालिका प्रतिमा अरजरिया क्लब सदस्य वी दीपाली रैकवार, वी अनीता खरे, वी मीना शर्मा, वी सुषमा दुबे, वी लीलावती देवी, वी शीतल थापा आदि उपस्थित रही।

पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने 31 मरीजों को इलाज हेतु भेजा भोपाल

गढ़ाकोटा। क्षेत्र के 31 गंभीर बीमारी से पीड़ित उपचाररत मरीजों एवं 34 सहयोगियों/परिजनों सहित कुल 65 लोगों को बेहतर उपचार एवं स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रति रविवार की नियमित व्यवस्था के अंतर्गत निज निवास गणनायक से निजी बस एवं एम्बुलेंस द्वारा भोपाल के लिए रवाना किया गया। भोपाल स्थित मेरे निवास पर सभी मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए भोजन एवं विश्राम की समुचित व्यवस्था की गई है। सभी मरीजों को उनकी बीमारी के अनुसार विभिन्न अस्पतालों में जाँच, परीक्षण एवं आवश्यक उपचार के लिए भेजा जाएगा। मैं विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश जी से प्रार्थना करता हूँ कि सभी मरीजों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें और वे पूर्णतः स्वस्थ होकर अपने घर लौटें।

15 अगस्त और 26 जनवरी पर स्कूलों में बंटेगा सांची पेड़ा

सागर। आयुक्त सागर संभाग एवं प्रशासक बुंदेलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित सागर अनिल सुचारी ने संभाग के सभी जिलों को निर्देश जारी किए हैं कि इस वर्ष 15 अगस्त 2026 और 26 जनवरी 2027 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पर्वों के समारोह में स्कूली बच्चों को मिठाई के रूप में सांची पेड़ा का वितरण किया जाए। आयुक्त कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार, प्रतिवर्ष 15 अगस्त और 26 जनवरी के अवसर पर स्कूलों में आयोजित समारोहों में उपहार स्वरूप मिठाई और नागरिकों को नाश्ते के वितरण के दौरान अमानक स्तर की मिठाई के कारण फूड पॉइजनिंग की शिकायतें सामने आती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए संभाग के सागर, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, पन्ना एवं निवाड़ी जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों/कार्यालयों में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पर्व के समारोह में बुंदेलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, सागर द्वारा निर्मित सांची पेड़ा के वितरण के निर्देश दिए गए हैं।

आरोग्य भारती के तत्वावधान में आरटीओ परिसर में किया पौधरोपण

पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं, उसकी देखभाल और सुरक्षा भी हमारी जिम्मेदारी : मंत्री गोविन्द राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



जिला आरोग्य भारतीय महाकौशल प्रांत ईकाई जिला सागर के तत्वाधान में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने आरटीओ परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया। राजपूत ने कहा कि जिला आरोग्य भारतीय द्वारा पर्यावरण को लेकर कई ऐसे आयोजन किये जा रहे हैं जिससे समाज में पर्यावरण के लिए चेतना जागृत हो रही है। आरोग्य भारतीय द्वारा वृक्षारोपण से हजारों वृक्ष धरती माता का श्रृंगार बने हैं।

पौधरोपण के अवसर पर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने वृक्ष लगाएं, अब हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए की हम वृक्ष लगायें और उन्हें संरक्षण दें, तभी पोधरोपण की सार्थकर्ता है वृक्ष जीवन हिस्से हैं, हमारे पूज्य गुरू इदा जी कहते थे कि विष पीकर करते अमृत दान, वृक्ष स्वयं शंकर भगवान। वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। पेड़ हमें शुद्ध वायु, छाया, फल और अनेक प्राकृतिक संसाधन प्रदान करते हैं। वृक्षों के बिना मानव जीवन की कल्पना संभव नहीं है। आज बढ़ते प्रदूषण और बदलते पर्यावरण को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति का यह दायित्व है कि वह अपने जीवन में पौधा लगाए और उसे वृक्ष बनने तक उसकी जिम्मेदारी निभाए। अखिल भारतीय स्तर पर आरोग्य भारतीय अपने विभिन्न आयोजनों के माध्यम से मानव समाज की सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रही है।

उन्होंने कहा कि केवल पौधा लगाकर फोटो खिंचवाना ही वृक्षारोपण का उद्देश्य नहीं होना चाहिए। पौधा लगाने के बाद उसकी रक्षा करना, समय-समय पर पानी देना, उसे पशुओं से बचाना और उसके विकास की निगरानी करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। जब एक पौधा बड़ा होकर वृक्ष बनता है, तो उसका लाभ केवल एक व्यक्ति को नहीं बल्कि आने वाली कई पीढ़ियों को मिलता है।

मंत्री राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास को लेकर व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। "एक पेड़ मां के नाम" जैसे जनभागीदारी वाले अभियानों ने पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने का काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने और अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता दे रही है। सड़कों, भवनों और अन्य विकास कार्यों के साथ यह भी आवश्यक है कि हरित क्षेत्र बढ़े और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके। राजपूत ने कहा कि एक बड़ा वृक्ष अपने आसपास के वातावरण को ठंडा रखने, वायु को शुद्ध करने और जैव विविधता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वृक्ष वर्षा चक्र को संतुलित रखने, मिट्टी के कटाव को रोकने और पक्षियों एवं अन्य जीव-जंतुओं को आश्रय देने में भी सहायक होते हैं।उन्होंने कहा कि आज लगाया गया एक पौधा आने वाले समय में हजारों लोगों के जीवन में उपयोगी साबित हो सकता है। इसलिए वृक्षारोपण को किसी एक दिन का कार्यक्रम न मानकर इसे निरंतर चलने वाला सामाजिक अभियान बनाना चाहिए।

मंत्री ने उपस्थित नागरिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा लगाने का संकल्प ले। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि लगाए गए पौधे जीवित रहें और उनका उचित संरक्षण हो।



सागर में बड़ा रेल हादसा टला: रेलवे ट्रैक पर बंद हुआ माल से लदा ट्रक

सागर। मध्य प्रदेश के सागर जिले में क्विक रिएक्शन टीम के जवानों की अदम्य तत्परता और जांबाजी से एक बेहद दर्दनाक रेल हादसा होने से टल गया। मकरोनिया-गुड़ा रेलवे फाटक के पास माल से लदा एक ट्रक अचानक रेलवे ट्रैक के ठीक बीचों-बीच आकर बंद हो गया। इसी बीच ट्रैक पर ट्रेन आने का समय हो चुका था, लेकिन ड्यूटी पर जा रहे जवानों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपनी जान पर खेलकर ट्रक को ट्रैक से हटा दिया। 10वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल, सागर की कंपनी दमोह स्थित प्रसिद्ध बांदकपुर मंदिर में कानून-व्यवस्था की ड्यूटी संभालने के लिए रवाना हो रही थी। जैसे ही जवानों की गाड़ियां मकरोनिया-गुड़ा रेलवे फाटक के पास पहुंचीं, उन्होंने देखा कि एक भारी मालवाहक ट्रक ट्रैक के बीचों-बीच फंसा हुआ है। चालक उसे चालू करने की नाकाम कोशिश कर रहा था और ट्रैक पर ट्रेन के आने का खतरा सिर पर मंडरा रहा था।खतरे और समय की कमी को भांपते हुए क्यूआरएफ के जवानों ने एक सेकंड भी जाया नहीं किया। भारी-भरकम और सामान से लदे ट्रक को हटाना बेहद चुनौतीपूर्ण था, लेकिन जवानों ने मोर्चा संभाला और सामूहिक ताकत से ट्रक को धक्का लगाना शुरू कर दिया।जवानों के एकजुट प्रयास से ट्रक को ट्रेन के पहुंचने से ठीक पहले सुरक्षित दूरी पर धकेल दिया गया। कुछ ही देर में वहां से ट्रेन गुजरी। जवानों की इस सूझबूझ और अदम्य साहस की वजह से न सिर्फ एक बड़ा रेल हादसा टल गया, बल्कि कई मासूम जिंदगियां भी सुरक्षित बच गईं। स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों ने जवानों की इस तत्परता की जमकर सराहना की है।



कृष्णा इंटरप्राइजेस से गोवर्धन प्योर गाय का घी के सैंपल लेकर 36 जार जब्त किए

सागर। मध्य प्रदेश शासन के नियंत्रक (खाद्य एवं औषधि प्रशासन) तथा सागर कलेक्टर प्रतिभा पाल एवं उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन सागर के निर्देशों के परिपालन में जिले में शुद्ध खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु लगातार प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दूध और दूध से बने खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम हेतु खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा लगातार औचक निरीक्षण एवं जप्ती की कार्यवाही की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी शीतल सिंह द्वारा मल्लापुरा, तुलसीनगर वार्ड स्थित 'कृष्णा इंटरप्राइजेस' का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फर्म से 'गोवर्धन प्योर काऊ घी' का खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत नमूना लिया गया तथा संदेह के आधार पर 500 एमएल के 36 जार (कुल 18 लीटर), अनुमानित कीमत 16,000 रूपये को जप्त कर सील किया गया। जप्त नमूनों को राज्य खाद्य प्रयोगशाला में जांच हेतु भेजा जा रहा है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि आमजनों के स्वास्थ्य एवं जीवन से खिलवाड़ करने वाले मिलावटखोरों के विरुद्ध जिले में यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा दोषियों पर अधिनियम के तहत कठोरतम कानूनी कार्यवाही की जाएगी।



छात्र संघ पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जैन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल सीबीएसई के छात्र संघ पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि ले.कर्नल राजेंद्र सिंह एवं अध्यक्षता सेठ उदयचंद जैन ने की. इस अवसर पर उपाध्यक्ष राजीव चौधरी, सचिव डॉ केके सराफ, डॉ अरुण सिंघई, प्रदीप रांधेलिया, प्राचार्य द्वय पवन जैन, रजनीश जैन उपस्थित रहे। छात्र संघ पदाधिकारियों तथा हाउस कैप्टन द्वारा मार्च पास्ट किया एवं मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। मंचासीन अतिथियों द्वारा छात्र संघ अध्यक्ष अर्पित यादव एवं पूर्वी साहू, उपाध्यक्ष रुद्रांश तिवारी एवं माही दांगी, स्पोर्ट्स कैप्टन अभय सिंह ठाकुर सहित सांस्कृतिक मंत्री, विज्ञान सचिव, स्वच्छता मंत्री एवं सभी हाउस कैप्टन को बेच लगाकर दायित्व सौंपा। कर्नल सिंह ने अनुशासित दिनचर्या के बारे में बताया. श्री जैन ने कहा कि नेतृत्व अधिकार से नहीं बल्कि सेवा, इमानदारी और अच्छे आचरण से स्थापित होता है. डॉ सराफ और श्री चौधरी ने संबोधित किया। संचालन अदिति चौरसिया और आभार रजनीश जैन ने माना।

इस अवसर पर श्रीमती वैशाली अग्रवाल, अनामिका तिवारी, प्रतिभा जैन, एसके पांडे, नितिन तिवारी, वंदना तिवारी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

मगरधा मारपीट कांड में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 12 घंटे में 7 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा



थाना क्षेत्र के ग्राम मगरधा में मारपीट के मामले में गढ़ाकोटा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के 12 घंटे के भीतर सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया है।

पुलिस के अनुसार, 8 अगस्त को मगरधा निवासी हल्ले भाई रैकवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि महेन्द्र रैकवार सहित छह अन्य लोगों ने एक राय होकर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से मारपीट की और धमकी दी। शिकायत पर अपराध क्रमांक 611/2026 के तहत बीएनएस की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। एसपी अनुराग सुजानिया के निर्देशन, एएसपी नरेन्द्र सोलंकी एवं एसडीओपी रहली प्रकाश मिश्रा के मार्गदर्शन में पुलिस टीमों ने आरोपियों की तलाश शुरू की और सभी सात आरोपियों को 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया।

ये आरोपी गिरफ्तार

महेन्द्र रैकवार, अजय रैकवार, दीपक रैकवार, मनोज रैकवार, सुरेन्द्र रैकवार, रिब्बू उर्फ रेवाराम रैकवार एवं एक अन्य आरोपी शामिल हैं।

पत्नी ने पुलिस पर लगाए आरोप

मामले में घायल राजा लोधी की पत्नी ने आरोप लगाया कि उनके पति विवाद में बीच-बचाव करने गए थे, जहां उनके साथ मारपीट की गई। महिला का दावा है कि उन्होंने घटना से करीब तीन दिन पहले भी थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन पुलिस ने दोनों पक्षों के आवेदन लेकर समझौता कराने की बात कही थी। इसके बाद दोबारा विवाद हुआ और उनके पति को गंभीर चोटें आईं। हालांकि, पूर्व शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने के आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने 8 अगस्त की शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों की गिरफ्तारी की है।

सागर की सड़कों पर अगस्त क्रांति की गूंज के साथ निकला कांग्रेस का भव्य तिरंगा मार्च

युवा कांग्रेस के 66वें स्थापना दिवस पर ली गई जन-सेवा की शपथ, गौर मूर्ति से विजय स्तंभ तक देशभक्ति का उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



स्वाधीनता संग्राम की ऐतिहासिक धरोहरों—'भारत छोड़ो आंदोलन' (अगस्त क्रांति), आदिवासी दिवस, स्वतंत्रता संग्राम युवा दिवस तथा भारतीय युवा कांग्रेस के 66वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर सागर शहर में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और अधिकारों की रक्षा का सशक्त संदेश दिया गया। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वाधीनता संग्राम के अमर सेनानियों के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाना और देश में लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती के लिए युवाओं को जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शहर कांग्रेस कार्यालय राजीव गांधी भवन के समक्ष राष्ट्रीय ध्वज फहराकर हुआ। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि 9 अगस्त 1942 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 'करो या मरो' और 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' के आह्वान पर देश के नौजवानों व क्रांतिकारियों ने शोषण के खिलाफ बिगुल फूंका था। इस स्वाधीनता संग्राम में देश के आदिवासी समुदाय की शहादत और संघर्ष का अतुलनीय योगदान रहा है। उन्होंने वर्तमान सामाजिक व आर्थिक चुनौतियों पर संदेश देते हुए कहा कि आज एक बार फिर युवाओं, आदिवासियों, गरीबों और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए बापू के सत्य, अहिंसा और संवैधानिक मूल्यों के मार्ग पर चलते हुए संगठित होने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमित रामजी दुबे ने कहा कि स्वाधीनता संग्राम के अमर सेनानियों का त्याग हमें याद दिलाता है कि लोकतंत्र और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा सर्वोपरि है, इसलिए आज देश को आर्थिक व सामाजिक गुलामी से मुक्त कराने के लिए हर नागरिक का एकजुट होना बेहद आवश्यक है।

प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग सदस्य डॉ. संदीप सबलोक ने कहा कि 9 अगस्त का दिन भारतीय इतिहास में सामाजिक न्याय, क्रांति और युवाओं के अधिकारों का प्रतीक है, और आज सत्ता के अहंकार तथा देश को आर्थिक गुलामी की ओर ढकेलने वाली नीतियों के खिलाफ युवाओं का मुखर होना ही अगस्त क्रांति का सच्चा सम्मान है।इसी क्रम में भारतीय युवा कांग्रेस के 66वें स्थापना दिवस पर शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष सागर साहू ने संगठन का ध्वज फहराकर युवाओं को राष्ट्र सेवा और सामाजिक न्याय के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश के निर्माण और लोकतंत्र की रक्षा में युवाओं की भूमिका सदैव अग्रणी रही है और युवा कांग्रेस इसी संकल्प के साथ निरंतर कार्य करती रहेगी।

इस अवसर पर पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल चौबे ने उपस्थित युवाओं को संवैधानिक मर्यादाओं और जन-सेवा की निष्ठापूर्वक शपथ दिलाई। ध्वजारोहण परेड का अनुशासित व व्यवस्थित संचालन सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे के मार्गदर्शन में द्वारका चौधरी द्वारा संपन्न कराया गया। ध्वजारोहण के उपरांत राजीव गांधी भवन से शहर के मुख्य मार्गों के लिए एक विशाल और भव्य 'तिरंगा मार्च' रवाना हुआ। विशाल राष्ट्रध्वज हाथों में थामे सैकड़ों कांग्रेसजनों का यह सैलाब तीनबत्ती, गौरमूर्ति, कटरा बाजार, जामा मस्जिद और विजय स्तंभ से होते हुए पुनः कांग्रेस कार्यालय पहुँचा। इस दौरान 'भारत माता की जय' और 'राष्ट्रीय एकता जिंदाबाद' के नारों से पूरा मार्ग गूंज उठा।

इस मार्च के माध्यम से शहरवासियों को आपसी भाईचारे, धर्मनिरपेक्षता और राष्ट्र की अखंडता को अक्षुण्ण रखने का जीवंत संदेश दिया गया।इस आयोजन में वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की भारी संख्या में गरिमामयी उपस्थिति रही।

12 अगस्त को निकलेगी 'हर घर तिरंगा' यात्रा

सागर। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व देशभर में संचालित किए जा रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत सागर में 12 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा तीन बत्ती से प्रारंभ होकर बड़ी मस्जिद तक जाएगी। यात्रा में शहर के सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ जनप्रतिनिधि, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठन, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में नागरिक शामिल होंगे। तिरंगा यात्रा को भव्य, व्यवस्थित एवं गरिमामय स्वरूप देने के उद्देश्य से नगर निगम कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक श्री शैलेंद्र कुमार जैन, महापौर संगीता सुशील तिवारी, अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, श्याम तिवारी एवं नगर निगम आयुक्त सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने यात्रा की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक में तिरंगा यात्रा के मार्ग, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा, पेयजल, स्वच्छता, विद्युत व्यवस्था, विद्यार्थियों की सहभागिता तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि यात्रा से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्व पूर्ण कर ली जाएं, ताकि यात्रा में शामिल होने वाले नागरिकों एवं विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान केवल तिरंगा फहराने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करने वाला जनअभियान है। उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया। उनके त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अपने घर, प्रतिष्ठान और संस्थान पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराए।

जन्म तिथि त्रुटि सुधार सूचना

मै सविता धामेचा पति राजकुमार धामेचा निवासी 85 अशोक गार्डन कॉलोनी शास्त्री वार्ड सागर जिला सागर म. प्र आम जनता को सूचित करती हूँ कि मेरे पासपोर्ट में मेरी जन्म तिथि 04/04/1962 दर्ज है जो कि गलत है। मेरी सही जन्म तिथि 04/04/1961 है। जो कि मेरे अधार कार्ड एवं पैन कार्ड मे दर्ज है । अतः भविष्य में सभी शसकीय एवं गैरशासकीय दस्ताबेजों में मेरी सही जन्म तिथि 04/04/1961 मानी जाये व पढी जाये।

सूचनाकर्ता
सविता धामेचा पति राजकुमार धामेचा निवासी 85 अशोक गार्डन कॉलोनी शास्त्री वार्ड सागर जिला सागर म. प्र.

जन्म तिथि त्रुटि सुधार सूचना

मै राजकुमार धामेचा पिता केवलराम धामेचा निवासी 85 अशोक गार्डन कॉलोनी शास्त्री वार्ड सागर जिला सागर म. प्र आम जनता को सूचित करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट में मेरी जन्म तिथि 15/06/1957 दर्ज है जो कि गलत है। मेरी सही जन्म तिथि 04/05/1958 है। जो कि मेरे अधार कार्ड एवं पैन कार्ड मे दर्ज है । अतः भविष्य में सभी शसकीय एवं गैरशासकीय दस्ताबेजों में सही जन्म तिथि 04/05/1958 मानी जाये व पढी जाये।

सूचनाकर्ता
राजकुमार धामेचा पिता केवलराम धामेचा निवासी 85 अशोक गार्डन कॉलोनी शास्त्री वार्ड सागर जिला सागर म. प्र.

धनवाहा घाट खिरिया में ऊंची सड़क ने रोकी जल निकासी, 20 से 25 परिवार हो रहे परेशान

मनमानी सीसी बनी जी का जंजाल, गंदे जलभराव से गुजरने को मजबूर ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ

विकास कार्यों का उद्देश्य ग्रामीणों को सुविधा और बेहतर आवागमन उपलब्ध कराना होता है, लेकिन जब निर्माण के दौरान तकनीकी पहलुओं और जल निकासी की व्यवस्था को नजरअंदाज कर दिया जाए तो यही विकास ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन जाता है। ग्राम पंचायत धनवाहा घाट खिरिया में बनाई गई नवनिर्मित सीसी सड़क के बाद पैदा हुई जलभराव की समस्या इसका प्रत्यक्ष उदाहरण बनकर सामने आई है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क का निर्माण आसपास की जमीन से काफी ऊंचा कर दिया गया, जबकि सड़क किनारे बनी नाली का निकासी प्वाइंट निचले हिस्से की ओर खोल दिया गया। दूसरी ओर पानी की निकासी के लिए पर्याप्त ढलान नहीं होने के कारण पानी बीच के हिस्से में ही जमा हो रहा है।



बच्चों के लिए भी बना खतरा

जलभराव वाले रास्ते से स्कूली बच्चे भी आवागमन करते हैं। गंदे पानी की गहराई और कीचड़ के कारण बच्चों के फिसलने और गिरने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय तक पानी जमा रहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ने के साथ ही संक्रमण और बीमारी फैलने की आशंका भी बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार पानी इतना अधिक जमा है कि कई स्थानों पर रास्ता पहचानना तक मुश्किल हो गया है। लोगों को मजबूरी में पानी के बीच से ही होकर निकलना पड़ रहा है। इससे दोपहिया वाहनों के आवागमन में भी परेशानी हो रही है।

तेज बारिश हुई तो घरों में घुस सकता है पानी

ग्रामीणों को सबसे ज्यादा चिंता आने वाली बारिश को लेकर है। अभी सामान्य बारिश में ही जब पानी निकासी की व्यवस्था ध्वस्त नजर आ रही है तो तेज बारिश के दौरान स्थिति कितनी गंभीर होगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पानी का स्तर बढ़ा तो आसपास बने घरों में पानी घुस सकता है। इससे घरेलू सामान को नुकसान होने के साथ-साथ गंदे पानी से बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है।

निर्माण के दौरान क्यों नहीं जांचा गया सड़क का लेवल?

इस पूरे मामले ने पंचायत स्तर पर कराए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और मॉनिटरिंग पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का सवाल है कि सीसी सड़क निर्माण के समय सड़क की ऊंचाई, प्राकृतिक ढलान और बारिश के पानी की निकासी का तकनीकी परीक्षण क्यों नहीं किया गया? यदि जल निकासी के लिए नाली जरूरी थी तो निर्माण के दौरान ही उसकी पर्याप्त व्यवस्था क्यों नहीं की गई? ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अब उसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। जिस सड़क से सुविधा मिलनी थी, वही सड़क अब जलभराव और कीचड़ के कारण परेशानी का कारण बन गई है।

प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग


ग्रामीणों ने प्रशासन और पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों से मौके का निरीक्षण कर समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि केवल अस्थायी रूप से पानी निकालने के बजाय सड़क की ऊंचाई, नाली के प्वाइंट और प्राकृतिक ढलान का तकनीकी परीक्षण कर उचित जल निकासी व्यवस्था बनाई जाए, ताकि भविष्य में दोबारा जलभराव की स्थिति निर्मित न हो।

इनका कहना है--

हमने वीडियो देखा है, जिसके आधार पर संबंधित ग्राम पंचायत के अधिकारियो को निर्देशित करते हुये शीघ्र ही समस्या का हल कराया जायेगा।

मनीष जैन, जिला समन्वयक, जिला पंचायत टीकमगढ़

आम रास्ते ने लिया चौड़ी नहरनुमा गंदे पानी के कीचड़ का रूप



स्थिति यह है कि वार्ड क्रमांक 18 और 19 के बीच सड़क किनारे जमा गंदा पानी अब चौड़ी नहरनुमा जलभराव का रूप ले चुका है। कई स्थानों पर करीब एक फुट तक पानी भरा होने के कारण ग्रामीणों को इसी गंदे पानी के बीच से होकर रोजाना आवागमन करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि करीब 20 से 25 परिवार इस समस्या से सीधे प्रभावित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अभी तेज बारिश नहीं हुई है, इसके बावजूद जलभराव की यह स्थिति है। यदि तेज बारिश का दौर शुरू हुआ तो हालात और भी भयावह हो सकते हैं।

ऊंची सड़क बनी जलभराव की वजह

ग्राम पंचायत के वार्ड क्रमांक 18 के पंच राजा यादव ने बताया कि वार्ड 18 और 19 में नवनिर्मित सीसी सड़क का निर्माण पहले की सड़क की तुलना में काफी ऊंचाई पर किया गया है। सड़क का ढलान ऐसा है कि बारिश और आसपास का पानी बहकर निचले हिस्से में पहुंच रहा है। वहीं सीसी सड़क के किनारे बनाई गई नाली का पानी भी ढलान वाली गली में आकर जमा हो रहा है। उनका कहना है कि जिस स्थान पर नाली का पानी छोड़ा गया है, वहां से आगे पानी की निकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। निकासी वाला हिस्सा भी ऊंचाई पर होने के कारण पानी आगे नहीं बढ़ पा रहा और बीच के निचले क्षेत्र में ही जमा हो रहा है। यही स्थान ग्रामीणों के आने-जाने का आम रास्ता भी है, जिससे लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है।

नाली का पानी भी सड़क किनारे जमा

ग्रामीणों के मुताबिक सीसी सड़क के निर्माण के दौरान जल निकासी को लेकर पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई। सड़क के दोनों ओर पानी की निकासी के लिए उचित ढलान और नाली की व्यवस्था नहीं होने से बारिश एवं नाली का पानी एक ही स्थान पर जमा हो रहा है। देखते ही देखते यह पानी गंदे और बदबूदार जलभराव में बदल गया है। ग्राम के प्यारेलाल, हरिराम, बलराम, दौलतराम, प्रितपाल, शिवराज, लाल सिंह, चंद्रभान, शंकर बहादुर, गोविंद दास, तुलसी, रतीराम, पप्पू, मनुआ, हल्काई, कोटीराम सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें रोजमर्रा के काम से घर से बाहर निकलने के लिए इसी पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को उठानी पड़ रही है।

रामनगर के पास देर रात हुआ भीषण हादसा, कोटवार गंभीर घायल

तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर पत्नी व 7 साल के मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ



टीकमगढ़-झांसी हाईवे पर शनिवार देर रात तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। भीषण हादसे में बाइक सवार कोटवार की पत्नी और 7 वर्षीय मासूम बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कोटवार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची दिगौड़ा पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बछोड़ा निवासी राजेश राय उम्र 32 वर्ष बछोड़ा गांव में कोटवार के पद पर कार्यरत हैं और जतारा एसडीएम कार्यालय में चपरासी के रूप में भी सेवाएं दे रहे हैं। शनिवार रात करीब 11 बजे वह अपनी पत्नी वर्षा राय उम्र 28 वर्ष और 7 वर्षीय पुत्र मयंक राय के साथ बाइक से टीकमगढ़ से अपने गांव बछोड़ा जा रहे थे। बताया गया है कि जैसे ही उनकी बाइक टीकमगढ़-झांसी हाईवे पर ग्राम रामनगर के पास पहुंची, पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों सड़क पर जा गिरे। हादसे में वर्षा राय और उनके 7 वर्षीय पुत्र मयंक राय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राजेश राय गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही दिगौड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने 112 वाहन की मदद से गंभीर रूप से घायल राजेश राय को जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि वहां भी उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। इधर पुलिस ने मृतका वर्षा राय और मासूम मयंक राय के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद पुलिस टक्कर मारने वाले ट्रक की तलाश में जुट गई है। हाईवे और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि फरार ट्रक और उसके चालक की पहचान की जा सके। इस दर्दनाक हादसे की खबर जैसे ही बछोड़ा गांव और परिजनों को मिली, पूरे क्षेत्र में मातम छा गया।

3 सूत्रीय शिवचर्चा है गुरुओं के गुरु शिव को पाने का सरल मार्गः शास्त्री

पार्थिव शिवलिंग निर्माण में भक्ति में डूबा नारदगंज मोहल्ला, पंडित अवधेश शास्त्री ने बताए भगवान शिव आराधना सूत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा



श्रावण मास के पावन पर्व पर नगर में विभिन्न स्थानों पर पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं भगवान शिव की आराधना के आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर के वार्ड क्रमांक 7 स्थित नारदगंज मोहल्ला में नापित परिवार के यहां पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। आयोजन के दौरान महिलाओं और श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना करते हुए भक्ति सागर में गोते लगाए। कार्यक्रम में पंडित अवधेश शास्त्री ने भजन एवं संगीत के माध्यम से भगवान शिव की महिमा और उनकी आराधना के महत्व का वर्णन किया। इस दौरान ओम नमः शिवाय, शिव हैं हमारे गुरु, कर दो महादेव हम पर कृपा सहित विभिन्न शिव भजनों की प्रस्तुति दी गई। भजनों के बीच श्रद्धालु भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आए और पूरा वातावरण शिवमय हो गया। शिव चर्चा के दौरान पंडित अवधेश शास्त्री ने कहा कि भगवान शिव गुरुओं के गुरु हैं। शिव आदि और अनादि काल से गुरु थे, हैं और सदैव रहेंगे। उन्होंने कहा कि भगवान शिव को प्राप्त करने का सबसे सहज और सरल मार्ग शिव चर्चा है। शिव चर्चा तीन सूत्रों पर आधारित है। पहला भगवान शिव से दया की भीख मांगना, दूसरा भगवान शिव की चर्चा करना और तीसरा 108 बार ॐ नमः शिवाय का जाप करते हुए भगवान शिव को प्रणाम करना है।

अंधेरे के आदि लुटेरे अब सुबह भी वारदात कर दे रहे पुलिस को चुनौती

सांसद बंगले के पास सुबह-सुबह फूल तोड़ने निकली महिला से ठगी

दो टोकस सोना व सोने का पेंडल लेकर भागे बदमाश



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ

अब तक चोरी और लूट की वारदातों के लिए रात का अंधेरा और सुनसान रास्ते बदमाशों के लिए मुफीद माने जाते थे, लेकिन पुलिस की कथित ढीली कार्रवाई और बदमाशों के बढ़ते हौसलों के चलते अब दिन निकलते ही लोगों को निशाना बनाए जाने की घटनाएं भी चिंता बढ़ा रही हैं। ऐसा ही मामला शहर में सामने आया है, जहां सुबह करीब 6 से 7 बजे के बीच पूजा के लिए फूल तोड़ने निकली एक महिला को अज्ञात व्यक्तियों ने अपनी बातों में उलझाकर उसके सोने के जेवर उतरवा लिए और लेकर फरार हो गए। घटना के बाद महिला ने कोतवाली पुलिस को आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी पहचान करने की मांग की है। पुलिस को दिए आवेदन के अनुसार लुकमान चौराहा निवासी मालती राय, पति स्वर्गीय हरिसिंह राय, सुबह के समय फूल तोड़ने के लिए सांसद बंगले के पास गई थीं। महिला के मुताबिक इसी दौरान वहां उन्हें दो अज्ञात व्यक्ति मिले। दोनों ने बातचीत शुरू की और कथित तौर पर महिला को विश्वास में लेने के लिए उसके परिवार से संबंधित बातें बताने लगे। बातचीत के दौरान अज्ञात व्यक्तियों ने महिला को इस तरह प्रभावित किया कि वह उनकी बातों पर विश्वास करने लगी। आवेदन में महिला ने आरोप लगाया है कि इसी दौरान दोनों अज्ञात व्यक्तियों ने उसके साथ कथित रूप से नजरबट्टू का झांसा दिया। महिला के अनुसार आरोपियों ने उसे अपने विश्वास में लेकर उसके सोने के जेवर उतरवा लिए। इसके बाद आरोपियों ने महिला से सोने के दो टोकस और एक सोने का पेंडल एक पर्स में रखने के लिए लिया और मौका पाकर जेवर लेकर दोनों वहां से भाग गए। घटना का सबसे गंभीर पहलू यह है कि वारदात सुबह के समय ऐसे क्षेत्र में हुई, जहां लोगों की आवाजाही बनी रहती है। महिला पूजा के लिए फूल तोड़ने निकली थी और इसी दौरान अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर उसे निशाना बना लिया। महिला ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि घटना सांसद बंगले के आसपास हुई। उसने पुलिस से मांग की है कि घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सुबह करीब 6 से 7 बजे तक की निकलवाई जाए, जिससे दोनों अज्ञात व्यक्तियों की पहचान हो सके और उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। महिला द्वारा दिए गए आवेदन के मुताबिक बदमाशों ने सीधे जेवर छीनने के बजाय पहले बातचीत के जरिए उसका विश्वास जीतने का प्रयास किया। पारिवारिक बातों का जिक्र कर महिला को भरोसे में लेने के बाद कथित तौर पर नजरबट्टू का झांसा दिया गया। इसी दौरान महिला के पहने हुए सोने के आभूषण उतरवाकर उन्हें पर्स में रखवाया गया और बाद में दोनों आरोपी जेवर लेकर भाग निकले।

युवती के आरोपों पर पति समेत चार पर एफआईआर

पहले कोर्ट मैरिज, फिर छोड़ा घर और पी लिया कीटनाशक

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ



जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र के बछोड़ा गांव में कीटनाशक का सेवन करने वाली युवती के मामले में पुलिस ने जांच के बाद पति समेत चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। युवती ने कीटनाशक पीने से पहले बनाए गए वीडियो में पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाए थे।

साथ ही बर्माताल गांव के युवक पर धोखे से शादी करने, प्रताड़ित करने और उसके साथ गलत व्यवहार करने के गंभीर आरोप लगाए थे। मामले की जांच के बाद दिगौड़ा पुलिस ने आरोपी युवक, उसकी मां, भाई और भाभी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बछोड़ा गांव निवासी युवती 6 अगस्त की शाम कीटनाशक पीने के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंची थी। जहाँ युवती का उपचार अभी जारी है। कीटनाशक का सेवन करने से पहले युवती ने कथित तौर पर वीडियो बनाया था, जिसमें उसने अपनी परेशानी बताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी। वीडियो सामने आने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया था। बताया गया है कि युवती 19 जनवरी को अपने घर से लापता हो गई थी।

पिता की रिपोर्ट पर दिगौड़ा थाने में गुमशुदगी दर्ज की गई थी। बाद में युवती के बर्माताल गांव निवासी दृगपाल घोष के साथ विवाह करने की जानकारी सामने आई। पुलिस ने युवती का पता लगाया और उसके बयान दर्ज किए। दिगौड़ा थाना प्रभारी मनीष मिश्रा के अनुसार युवती ने उस समय दृगपाल के साथ ग्वालियर में कोर्ट मैरिज करने की बात कही थी। पुलिस का कहना है कि युवती की सहमति के आधार पर उसे दृगपाल के सुपुर्द किया गया था। हालांकि कुछ समय बाद परिस्थितियां बदल गईं। युवती 30 जुलाई को दृगपाल घोष का घर छोड़कर अपने माता-पिता के पास बछोड़ा लौट आई। इसके बाद उसने दिगौड़ा थाना और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर अपने साथ कथित रूप से हुई प्रताड़ना की शिकायत की। युवती ने आरोप लगाया कि करीब छह माह पहले दृगपाल ने उसका अपहरण कर जबरन शादी की थी। उसने यह भी आरोप लगाया कि शादी के बाद उसे कमरे में बंद रखा गया तथा उसके साथ दुराचार किया गया। युवती का आरोप था कि उसने कई बार पुलिस से शिकायत की, लेकिन आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। इसी बात से परेशान होकर उसने 6 अगस्त को कीटनाशक का सेवन कर लिया। इधर, युवती द्वारा 1 अगस्त को दिए गए आवेदन की पुलिस ने जांच की।

पहले से दर्ज और लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निराकृत किया जाएगा

जन शिविर में आवेदनों की संख्या देख कलेक्टर ने लिया पुनः निर्णय

लिधोरा जन विश्वास शिविर में सामने आई समस्याओं को देख जिलेभर में फिर लगेंगे रिकॉर्ड सुधार कैंप



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ



जन समस्या समाधान शिविर में आने वाले आवेदनों को केवल दर्ज कर सुनने की औपचारिकता पूरी करने के बजाय उनकी वास्तविक स्थिति और समस्या की गंभीरता को समझते हुए निराकरण की दिशा में निर्णायक कदम उठाने के लिये पहचाने जाने बाले कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने पुनः एक निर्णय लिया है। लिधौरा में आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर के दौरान सामने आए मामलों ने जिले में लंबे समय से लंबित रिकॉर्ड सुधार के प्रकरणों की स्थिति को एक बार फिर सामने ला दिया। इसे गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जिले में रिकॉर्ड सुधार कैंप के दूसरे चरण की शुरुआत करने का तत्काल निर्णय लिया है।

जनविश्वास शिविर से कलेक्टर श्रोत्रिय ने बनाया नया लक्ष्य-कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि लिधौरा के जन विश्वास शिविर के दौरान सामने आई परिस्थितियों से एक प्राथमिकता की स्थिति स्पष्ट हुई है कि जिले में राजस्व रिकॉर्ड सुधार से संबंधित काफी प्रकरण अभी भी लंबित हैं। ऐसे मामलों के कारण किसानों और आम लोगों को अपने भूमि संबंधी रिकॉर्ड दुरुस्त कराने के लिए कार्यालयों और न्यायालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इसलिए जिला प्रशासन अब इन लंबित मामलों को शिविरों के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

फरवरी-मार्च में 774 प्रकरणों का हुआ था निराकरण-कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि जिले में पूर्व में फरवरी और मार्च माह के दौरान लगातार रिकॉर्ड सुधार शिविर आयोजित किए गए थे। इन शिविरों के माध्यम से रिकॉर्ड सुधार से संबंधित 774 प्रकरणों का निराकरण किया गया था। इसके बावजूद जन शिविरों में सामने आ रहे आवेदनों से यह स्पष्ट हुआ कि अभी भी काफी संख्या में मामले निराकरण की प्रतीक्षा में हैं। कलेक्टर श्रोत्रिय ने कहा कि परिस्थितियों को देखते हुए जिले में दोबारा रिकॉर्ड सुधार कैंप आयोजित करने की आवश्यकता महसूस हुई है। इसके तहत अब रिकॉर्ड सुधार कैंप का दूसरा चरण शुरू किया जा रहा है। प्रशासन का प्रयास रहेगा कि पहले से दर्ज और लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निराकृत किया जाए।

लंबित मामलों को पहले मिलेगी प्राथमिकता-कलेक्टर श्रोत्रिय ने स्पष्ट किया कि दूसरे चरण के कैंप में पहले से दर्ज रिकॉर्ड सुधार प्रकरणों के निराकरण को प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं यदि नए आवेदन सामने आते हैं तो उन्हें संबंधित अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ) के न्यायालय में नियमानुसार आवेदन की प्रक्रिया से शुरू किया जा सकेगा। इस व्यवस्था का उद्देश्य यह है कि पुराने लंबित मामलों को पहले गति दी जाए और नए मामलों के लिए भी आवेदकों को स्पष्ट प्रक्रिया उपलब्ध हो, जिससे रिकॉर्ड सुधार से जुड़ी समस्याओं का व्यवस्थित तरीके से निराकरण किया जा सके।

11 अगस्त को बल्देवगढ़ से शुरू होगा दूसरा चरण-कलेक्टर ने रिकॉर्ड सुधार कैंप के दूसरे चरण को लेकर तत्काल कार्यक्रम भी तय कर दिया है। दूसरे चरण का पहला कैंप मंगलवार 11 अगस्त को बलदेवगढ़ में आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में बलदेवगढ़ और खरगापुर क्षेत्र के किसानों के लंबित रिकॉर्ड सुधार प्रकरण लिए जाएंगे और उनके निराकरण की कार्रवाई की जाएगी। इस निर्णय से इन क्षेत्रों के उन किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है।

आदिवासी दिवस पर जिले भर में हुए कार्यक्रम, निकाली रैलियां

एक तीर एक कमान, आदिवासी एक समान, जंगलों की हैं हम पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जल, जंगल, जमीन है हमारा। एक तीर, एक कमान, आदिवासी एक समान, जंगलों की हैं हम पहचान आदि नारे रविवार को जिला मुख्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर तब गूंजे जब आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी समुदाय ने रैलियां निकाली। जिले में सबसे बड़े आयोजन जिला मुख्यालय श्योपुर और आदिवासी विकासखंड मुख्यालय कराहल में आयोजित हुआ। कराहल में आयोजित कार्यक्रम में विधायक मुकेश मल्होत्रा के नेतृत्व में रैली निकाली गई जबकि जिला मुख्यालय पर महात्मा गांधी सेवा आश्रम के सहयोग से निकाली गई रैली में आदिवासी विकास परिषद की अध्यक्ष (मंत्री दर्जा प्राप्त) गुड्डी बाई आदिवासी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी भी मौजूद रही।

महात्मा गांधी सेवा आश्रम के संचालक जय सिंह जादौन ने बताया कि जिला मुख्यालय पर आयोजित हुए कार्यक्रम में विभिन्न गांवो से हजारों की संख्या में आए आदिवासी सलापुरा पर एकत्रित हुए यहां से धूमधाम के साथ जुलूस निकाला गया। जुलूस में लहंगी नृत्य और आदिवासी समुदाय से जुडी सांस्कृतिक विरासत को सहेजकर रखने वाले स्वांग रचे गए नृत्य करती टोलियां जुलूस का विशेष आकर्षण रही। जुलूस सलापुरा नहर से पुराना बस स्टैंड पटेल चौक से बड़ौदा रोड फुल दरवाजा टोड़ी गणेश बाजार सुबात चौराहा, बोहरा बाजार, गर्ल्स स्कूल, किला रोड से सुबात चौराहा गांधी पार्क पहुंचा जहां गांधी जी की प्रतिमा को माला पहनने के बाद गांधी पार्क पर कार्यक्रम का समापन किया। समापन नगर पालिका परिषद की और से किया गया।



विभिन्न मांगों का सौंपा ज्ञापन

रैली के बाद जिला मुख्यालय पर एक ज्ञापन भी दिया गया। जिसमें शिक्षा- ड्राप आउट बच्चों की मन और आर्थिक स्थिति का पता लगाकर उनको शिक्षा की मुख्य धरा से जोड़ने, आदिवासी बस्तियों के सभी टीचर्स का बेतन बच्चों की शिक्षा के स्तर के आधार पर जारी करने, सभी स्कूलों में टीचर्स की कमी दूर करने, आदिवासी जनजाति का मजदूरी के लिए पलायन रोकने भूमि सुरक्षा- राजस्व रिकार्डों की डीजिटलाइजेशन होने के बाद छूटे गए आदिवासियों के भू-राजस्व रिकार्ड दुरुस्त कर जोड़ने, वनाधिकार व वन भूमि पर सामुदायिक अधिकार- वंचितों लोगो को तत्काल वनाधिकार के व्यक्तिगत व सामुदायिक पट्टे दिए जाने, सरकारी योजनाओ का लाभ प्राथमिकता से दिलाने, किसान पाठशाला / संसाधन /प्रशिक्षण केंद्र(जिसमे कृषि यंत्र,खाद बीज दवाई) हर 5 से 10 किमी पर एक स्थापित करने, बेकार पड़े हेण्डपम्प को इन्जेक्शन पद्धति से रिचार्ज पॉइंट बनाने, गाद / मिट्टी/ बालू से भर गए है, स्थानीय नाले और तालाबों का गहरीकरण करने, गांव गांव अभियान के माध्यम से लोगों को शराब, गुटखा न खाने के लिए प्रचार प्रसार कर नशा मुक्त समाज की स्थापना करने आदि मांगे प्राथमिकता से शामिल की गई हैं।



रैली के बहाने कराहल में हुआ शक्ति प्रदर्शन

आदिवासी दिवस पर कराहल मुख्यालय पर निकाली गई रैली चर्चा में रही। रैली में हजारों की संख्या में आदिवासियों के पहुंचना चर्चा का विषय रहा। हालांकि इस रैली को समस्त आदिवासी समुदाय की ओर से निकाली गई रैली बताया जा रहा है और इसका राजनीतिकरण नहीं करने की बात आदिवासियों के पटेलो द्वारा कही गई है। आदिवासी नेता भी इसका श्रेय लेने से बचते दिखे लेकिन रैली में व्यवस्था बनाने के कारण रैली का मुख्य आकर्षण विधायक मुकेश मल्होत्रा रहे जो रैली का नेतृत्व करते दिखे। ऐसा माना जा रहा है कि उन्होंने रैली के बहाने अपना शक्ति प्रदर्शन किया है। ज्ञात हो कि विगत दिनों पूर्व विधायक एवं मंत्री दर्जा प्राप्त सीताराम आदिवासी और विधायक मुकेश मल्होत्रा के बीच सोशल मीडिया पर वाक्युद्ध छिड़ गया था और इस वाक युद्ध को ही इस रैली में भीड़ के रूप में दिखाकर विधायक ने अपनी शक्ति प्रदर्शन किया है। कराहल के विभिन्न मार्ग से निकाली इस रैली में आदिवासियों ने नारे लगाकर आदिवासी एकता का प्रदर्शन किया रैली में सभी आदिवासी समुदाय के पंच सरपंच और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

एक साल पुराने मामले में श्योपुर न्यायालय ने सुनाया फैसला

छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले ऑटो चालक को एक साल का सश्रम कारावास, 3 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



छात्रा को अकेली देखकर उसके साथ छेड़छाड़ करने वाले ऑटो चालक को श्योपुर के विशेष न्यायाधीश सुशील कुमार की अदालत ने दोषी मानते हुए एक साल के सश्रम कारावास और 3 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुना दी। एक साल पुराना यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने बताया कि यह घटना 25 अगस्त 2025 को तब घटित हुआ, जब एक छात्रा ऑटो में बैठकर कॉलेज जा रही थी। ऑटो चालक ने छात्रा को विश्वास दिलाया कि उसे कॉलेज छोड़ देगा। इसलिए छात्रा अकेली ऑटो में बैठ गई। तभी ऑटो चालक ने पटेल चौक पर पहुंचकर छात्रा से उनका नाम पूछते हुए उसका मोबाइल नंबर मांगा और कहा कि वह उसे रोज कॉलेज छोड़ देगा। इसके बाद ऑटो चालक ने छात्रा का बुरी नियत के इरादे से हाथ पकड़ लिया। जिससे घबराई छात्रा ऑटो से कूद गई। इसके बाद ऑटो चालक भाग निकला। इसके बाद पीड़िता ने परिजनों के साथ कोतवाली थाने पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। कोतवाली थाना पुलिस ने पीड़ित छात्रा की शिकायत पर ऑटो चालक अतीक पुत्र हफीज खान 24 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 6 बगवाज पुलिया के पास श्योपुर के खिलाफ छेड़छाड़ और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया। विशेष न्यायालय ने इस मामले में आरोपी ऑटो चालक को दोषी मानते हुए उसे सजा सुना दी।

भजनों के साथ निकली संकीर्तन परिक्रमा दिया पर्यावरण का संरक्षण करने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




नगर संकीर्तन परिक्रमा समिति ने श्रावण मास की एकादशी पर रविवार की अल सुबह शहर श्योपुर में नगर संकीर्तन परिक्रमा निकाली। भजनों के साथ निकाली गई इस संकीर्तन परिक्रमा के दौरान शहरवासियों को पानी, पेड़ और पर्यावरण का संरक्षण करने का संदेश भी दिया गया।

रविवार की अल सुबह 4 बजे यह नगर संकीर्तन परिक्रमा शहर के गांधी पार्क स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर से शुरू हुई, जो मुख्य बाजार, मुख्य चैराहा, भोई मोहल्ला, गिर्राज घाट पहुंची। वहां से यह परिक्रमा बड़ौदा रोड, पुराने बस स्टैंड, पाली रोड एवं बायपास होते हुए श्री केदारेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंची, जहां परिक्रमा का अर्थ विश्राम और स्वागत सत्कार स्थानीय धर्मप्रेमी लोगो के द्वारा किया गया। परिक्रमा के दौरान जहां मधुर भजनों का गायन किया गया,वहीं शहरवासियों से पर्यावरण की रक्षा करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने, जल बचाने तथा शहर को साफ सुथरा रखने का आह्वान किया गया। अर्थ विश्राम करने के बाद यह परिक्रमा श्री केदारेश्वर महादेव मंदिर से जिला अस्पताल चैराहा, गिरधारी हनुमान मंदिर, रेलवे स्टेशन, श्रीराम तलाई हनुमान मंदिर, गांधी पार्क, जीवन टॉकीज रोड, बोहरा बाजार, टोडी गणेश मंदिर से होते हुए वापस गिर्राज घाट स्थित गिरिराजेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंची जहां भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना भोग लगाकर प्रसाद वितरण किए जाने के साथ परिक्रमा का समापन किया गया। परिक्रमा के दौरान रामअवतार शर्मा, पूरणचंद वर्मा, परमानंद नामश्री, चैथमल सुमन, रामू सुमन, भीम शंकर शिवहरे, ओमप्रकाश राठौर, किशन राठौड, राधेश्याम, बाबूलाल वैष्णव, अशोक गुप्ता, ब्रजमोहन गुप्ता, रामस्वरूप सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी नर नारी मौजूद थे।

यूनियन ने सीडीपीओ और सुपरवाइजर पर लगाए अनदेखी के आरोप

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का आरोप समूह की सब्जी में निकल रहे कीड़े


हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



ग्रामीण क्षेत्र के आंगनबाड़ियों में बच्चों को खिलाए जाने वाले खाने में कच्ची रोटियां और सब्जी में कीड़े निकलने के आरोप आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा लगाए जा रहे हैं। हालांकि उनके आरोपों को स्थानीय महिला स्व सहायता समूहों द्वारा नकारा जा रहा है पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता यूनियन इस मामले में विभाग की लापरवाही बताते हुए कोई गंभीर हादसा हो जाने की स्थिति में जिम्मेदारी तय करने की बात कर रही है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता यूनियन की जिलाध्यक्ष राजकुमारी राजपूत ने बताया के शुक्रवार को 6 केंद्रों आंगनबाड़ी केंद्र मऊ, आंगनबाड़ी केंद्र मऊ का टपरा, आंगनबाड़ी केंद्र मलपुरा, आंगनबाड़ी केंद्र गुर्जरगावड़ी, आंगनबाड़ी केंद्र बमोरी पर समूह द्वारा भेजी गई दाल में कीड़े तैरते दिखे। जानकारी लेने पर सभी छह केंद्रों पर जहां एक समूह भोजन भेजता है की दाल में कीड़े तैरते दिखे। हालांकि उक्त दाल को बच्चों को खिलाने के बजाय फेंक दिया गया। लेकिन इस मामले में सीडीपीओ और सुपरवाइजर ने अरुचि दिखाई। यूनियन का कहना है कि हमने तत्काल इसकी सूचना सुपरवाइजर और सीडीपीओ को दे दी थी लेकिन उन्होंने भी इस मामले में संतोषजनक जवाब नहीं दिया। यूनियन का कहना है कि इस तरह दूषित भोजन जबरदस्ती बच्चों को खिलाने से अगर कोई दुर्घटना हो जाती है तो फिर जिम्मेदारी भी उन अफसरों की होना चाहिए जो अफसर जानबूझकर दूषित भोजन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को खिलाने के लिए मजबूर कर रहे हैं। उधर प्रांतिय समूह संघ की जिला अध्यक्ष सुनीता नायक ने इस तरह के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि जो यह आरोप गांव में एक से अधिक समूह गठित हो जाने से स्कूल आंगनबाड़ियों के भोजन बनाने की जिम्मेदारी लेने का कंपटीशन रहता है जिसके चलते शिकायतें मिलती है कोई भी समूह जानबूझकर अपने खाने में कीड़े क्यों डालेगा।

कैलाश बने योगी नाथ समाज के जिलाध्यक्ष



श्योपुर। योग नाथ समाज जिला श्योपुर की बैठक बीते रोज आयोजित की गई। जिसमें समाज के नए जिलाध्यक्ष का चुनाव कराया गया। इस दौरान बैठक में उपस्थित समाजीय लोगों ने कैलाश योगी सोंठवा को सर्व सम्मति से योगी नाथ समाज श्योपुर का नया जिलाध्यक्ष चुन लिया और नव नियुक्त जिलाध्यक्ष को पुष्पहार पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान नव नियुक्त जिलाध्यक्ष कैलाश योगी ने समाजीय लोगो के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि वे उनके द्वारा सौपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेगा। बैठक में बड़ी संख्या में समाजीय लोग मौजूद थे।

गोदाम प्रभारी पर एफआईआर दर्ज

श्योपुर। विजयपुर थाना पुलिस ने खाद वितरण के दौरान लापरवाही और अवैध वसूली की शिकायत मिलने पर गोदाम प्रभारी रवि राजौरिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। बता दें कि शनिवार को खाद वितरण में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए विजयपुर क्षेत्र के किसानों ने विजयपुर के क्वारी नदी पुल पर जाम लगा दिया। जाम खुलवाने पहुंचे अफसरों ने इस मामले में लापरवाही बरतने वाले खाद गोदाम प्रभारी रवि राजौरिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराए जाने का आश्वासन दिया। इसके बाद जिला विपणन अधिकारी सतेन्द्र सिंह विजयपुर थाने पहुंचे और गोदाम प्रभारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने जिला विपणन अधिकारी सतेन्द्र सिंह की रिपोर्ट पर गोदाम प्रभारी के खिलाफ विभिन्न धाराओ में एफआईआर दर्ज कर ली। बताया जा रहा है कि गोदाम प्रभारी के खिलाफ विभागीय स्तर पर भी कार्रवाई किए जाने के लिए प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

क्रांति दिवस पर कांग्रेसियों ने निकाली तिरंगा यात्रा, दी सलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



रविवार को सेवादल कांग्रेस ने क्रांति दिवस मनाया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने तिरंगा यात्रा निकाली और तिरंगे को सलामी दी। सेवादल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉ कमल शर्मा ने बताया कि 9 अगस्त रविवार को क्रांति दिवस के उपलक्ष्य में जिला सेवादल कांग्रेस द्वारा शहीद स्मारक (जयस्तंभ) से सेवादल व जिला कांग्रेस के साथियों के सानिध्य में तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा का समापन गांधी पार्क हुआ जहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष पूर्व जिला अध्यक्ष सेवादल संगठन के जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

एसैप छात्र संघ ने घोषित की पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की नवीन कार्यकारिणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



एसैप छात्र संघ द्वारा पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। एसैप छात्र संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक मीणा कलोनी ने बताया कि घोषित नवीन कार्यकारिणी में प्रभारी के रूप में तरुण राठौर को जिम्मेदारी दी गई है। अध्यक्ष पद पर सौरभ गौतम,उपाध्यक्ष पद पर आदित्य सुमन, खुशी बाथम, सोनू मीणा एवं विकास बैरवा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सचिव पद पर भानु प्रताप,सह-सचिव पद पर विशाल मीणा, शिवम जाटव, मनीष सुमन, रवि मीणा, बादल जाट, चित्रा बाथम एवं गोविंद मीणा को जिम्मेदारी दी गई है। कोष प्रमुख के रूप में मुकेश जाटव तथा महामंत्री के रूप में हर्षित सोनी एवं नेहा आर्य को जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंत्री पद पर सोनू जाटव, मोनू प्रजापति, कान्हा जादोन एवं रामजन्म मीणा को नियुक्त किया गया है। वहीं मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी विकास जाटव को दी गई है।

वार्ड 4 में जर्जर भवन की दीवार से पत्थर गिरने से दहशत में आए लोग

मौत बनकर घनी बस्तियों में खड़े दर्जन भर जर्जर भवन, जिम्मेदारों को है शायद हादसे का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शनिवार को बारिश के बीच वार्ड क्रमांक 4 ओम टकसाली के घर के पास जैन समाज का जर्जर घोषित हो चुके भवन की दीवार से पत्थर गिरने से लोग दहशत में आ गए। हालांकि इस भवन को नगर पालिका ने पीडब्ल्यूडी की रिपोर्ट पर जर्जर घोषित कर संबंधित को भवन मेंटिनेन्स करने या गिराने का नोटिस दे दिया है लेकिन नपा की यह कवायद सिर्फ नोटिस जारी करने भर की रही है। जिससे खतरा जस के तस बना हुआ है।

श्योपुर शहर में नगर पालिका ने वैसे तो करीब एक दर्जन स्थानों पर जर्जर भवन चिन्हित कर उन्हें उपयोग के लिए अवैध करार दिया हुआ है। यह भवन नगरपालिका के रिकॉर्ड में थी थे, लेकिन 2021 में आई बाढ़ के बाद इन भवनों में बेतहाशा वृद्धि हो गई है। सबसे अधिक खतरा पूर्व से जर्जर भवनों से हो गया है जो ऐसे जर्जर भवनों के पास मकान दुकान बनाकर रह रहे हैं या अपना व्यापार कर रहे हैं। नगर पालिका ने शहर में वार्ड क्रं 4 में जैन समाज का पुराना जर्जर भवन बना है। यह भवन जीर्णशीर्ण होकर कभी भी गिरने की स्थिति में आ गया है। इसके गिरने के डर से आसपास के लोग हमेशा दहशत में जीने पर मजबूर हैं। हालांकि वार्डवासी इस जर्जर भवन से होने वाली जनहानि को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका में भवन को गिराने के लिए आवेदन दे आए हैं, और शनिवार को इस भवन की दीवार से बारिश के बीच कुछ पथ्थर गिरने से दहशत फैल गई। इस संबंध में नपा सीएमओ नरेन्द्र जाटव का कहना है कि शहर में जर्जर भवनों को अनुपयोगी होने के नोटिस पूर्व में चस्पा किए जा चुके हैं। जो भवन जर्जर हैं उनको तोड़ने के लिए जल्दी कार्रवाई करेंगे।

नोटिस चस्पा कर भूली नगरपालिका

शहर में ऐसे कई जर्जर भवन हैं जो गिरने के कगार पर हैं और नगरपालिका हर साल मानसून पूर्व इन्हे नोटिस देकर इतिश्री भी कर रही है। इनमें से कुछ भवन का बड़ा हिस्सा तो गाहे बगाहे गिरकर रोड पर भी आता रहता है पर गनीमत यह रहती है की हादसे के समय लोग आसपास नहीं थे अन्यथा जनहानि संभव थी।

बीच बाजार में भवन कर रहे गिरने का इंतजार

1 - शहर के सबसे व्यस्त मार्केट गणेश बाजार में सब्जी मंडी के कॉर्नर पर एक बहुमंजिला भवन बना हुआ है। यह भवन जर्जर होकर कभी भी गिरने की स्थिति में है। नगरपालिका ने इस भवन पर जर्जर और मानवीय उपयोग के लिए भवन के जर्जर होने का बैनर लगाया हुआ है। आश्चर्य की बात यह है कि बीच बाजार में इस बहु मंजिला मकान का मालिक कोई ऐसा वैसा व्यक्ति नहीं बल्कि वैश्य समाज के सभी गौत्र व जातियों समूह है, जिसे साढे बारहनाथ के नाम से जाना जाता है।

2 - किला रोड पर बीच बाजार में सुबात कचहरी के नाम से पुराना न्यायालय का भवन बना हुआ है यह भवन पीडब्ल्यूडी द्वारा जर्जर घोषित कर दिया गया है भवन कभी भी गिर सकता है ऐसी रिपोर्ट पीडब्लूडी ने दी है जिला प्रशासन ने इसे बचाने लोगों को बचाने के लिए भवन के आसपास तार फेंसिंग भी की थी। इस भवन को एक दशक पहले बेच भी दिया गया था लेकिन भवन खरीदने वाले ने ना तो भवन गिराया ना इसका मेंटेनेंस कराया जिससे इस भवन के गिरने से कभी भी हादसे का अंदेशा है।

3 - सुबात चौराहा पर पुराना बहु मंजिला जर्जर भवन इसके ऊपरी तल पर कांग्रेस कार्यालय मौजूद है और नीचे दो तालों पर व्यवसाय किराएदारी से रहते है। इस भवन को भी मीरा रमेश गर्ग की परिषद के समय जर्जर घोषित कर गिराने के नोटिस दिए गए थे दुकानों पर भवन अनुपयोगी जर्जर है लिखा गया था लेकिन बात इससे आगे नहीं बड़ी ना तो भवन गिराया गया नहीं खाली कराया गया यह भवन भी सर पर मौत बनकर खड़ा हुआ है।

कॉलेज पढ़ने जाने की बात कहकर घर से निकली दो सगी बहनें लापता

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कॉलेज पढ़ने जाने के लिए घर से निकली दो सगी बहनें संदिग्ध परिस्थितियों के बीच लापता हो गईं। यह मामला मानपुर थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर दो बहनों की तलाश शुरू कर दी है। लेकिन फिलहाल दोनो बहनों का कोई अता पता नहीं है। मानपुर थाने की दुर्गापुरी चौकी क्षेत्र में मौजूद गांव खंडूराम का डेरा निवासी दो बालिका करमजीत 19 वर्ष ओर परमजीत 16 वर्ष आपस में सगी बहने हैं। शनिवार को यह दोनों बहने कॉलेज पढ़ने जाने की बात कहकर घर से निकली थीं। लेकिन इसके बाद ये दोनों बहने वापस लौटकर घर नहीं पहुंची। जब परिजनों ने उनकी सभी जगह तलाश की तो उनका कोई अता पता नहीं चला। इसके बाद देर शाम को परिजनों ने मानपुर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। मानपुर टीआई सतीश कुमार दुबे ने बताया कि अपराध दर्ज कर दोनों बहनों की तलाश शुरू कर दी गई है।

फूड सेफ्टी विभाग ने लिया दूध का नमूना



श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिलीप सिकरवार के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विजयपुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम लोसघानी में संचालित दूध डेयरी से दूध का नमूना लेने की कार्यवाही की गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र जैन ने बताया कि मॉ कैलादेवी दूध डेयरी ग्राम लौसघानी का निरीक्षण किया गया, जिसमें गाय, भैस का 5 हजार लीटर मिश्रित दूध पाया गया, मिश्रित दूध का नमूना लेकर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने पर विधिसंवत कार्यवाही की जाएगी।

खबर संक्षेप

तूमैन में नवांकुर सखियों की बैठक संपन्न

अशोकनगर। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला अशोकनगर के विकास खंड अशोकनगर सेक्टर 3 तूमैन में कलेक्टर के निर्देशन में मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चौहान एवं विकास खंड समन्वयक मनोज यादव के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था अक्षर पीठ शिक्षा समिति द्वारा आदर्श ग्राम तूमैन में नवांकुर सखियों की बैठक का आयोजन किया गया। विखं समन्वयक मनोज यादव ने बताया कि 13 अगस्त को नवांकुर को पौधे भेंट किए जाएंगे जिसकी नवांकुर सखियां पौधों को संरक्षित एवं देखभाल करने का संकल्प लिया। बढ़ते प्रदूषण एवं घटते जल स्तर को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को बारिश के सीजन में पौधारोपण का संकल्प लेना चाहिए और उसे संरक्षित करना चाहिए। सीएम सीएलडीपीबी एसडब्लू एमएसडब्लू के पंजीयन पर भी चर्चा की गई।

लोकसेवा में जिले ने हासिल की बेहतर रैंकिंग

अशोकनगर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत एक सप्ताह के दौरान लोकसेवा गांरटी अधिनियम के अंतर्गत जिला अशोकनगर के मुंगावली तहसील में आयोजित शिविर के दौरान 1080 प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण कराया गया। जिससे जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा।

युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

अशोकनगर। जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम पीपरी निवासी गोविन्द पुत्र भगवानलाल कोरी उम्र 32 साल ने अपने ही घर के कमरे में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

जहरीले पदार्थ का सेवन करने से युवक की मौत

अशोकनगर। जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम रांवसर जागीर निवासी अरूण पुत्र भरत केवट उम्र 28 साल ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

अशोकनगर। जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत ईसागढ़ देहरदा रोड पर कोहरवास गांव के आगे अज्ञात वाहन चालक ने कल्याण पुत्र देवेन्द्र यादव उम्र 45 साल को टक्कर मार दी जिससे युवक घायल हो गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

जुए के अड्डों पर छापामार कार्रवाई की

अशोकनगर। जिले में जुए के कई अड्डों पर छापामार कार्यवाही की गई है। कोतवाली पुलिस ने छैघरा कॉलोनी में जुआ खेलते हुए रामकृष्ण लोधी, बलराम पाल, हरिप्रसाद लोधी को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से पुलिस ने ताश की गड्डी और 850 रुपए बरामद किए हैं। इसी प्रकार कोतवाली पुलस ने ही पटरी के पास खाली मैदान में छैःघरा कॉलोनी में जुआ खेलते हुए कन्हैया विश्वकर्मा, जितेन्द्र विश्वकर्मा, रामपाल राजपूत को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गड्डी सहित 1020 रूपए बरामद किए हैं। देहात पुलिस ने ग्राम सहोदरी में जुंआ खेलते हुए जितेन्द्र रघुवंशी, सोनू रघुवंशी, सुल्तान अहिरवार, रामकृष्ण रजक, मोहरसिंह अहिरवार, कमल सिंह अहिरवार को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गड्डी और 3810 रुपए बरामद किए हैं।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए दर्ज

अशोकनगर। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गौशाला निवासी सुरेश प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रवि, भोला और नीलेश लोधी ने उससे मारपीट की। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत रांवसर जागीर निवासी सपना बाई बाल्मीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि राजकुमार, रश्मि और सूरज बाल्मीक ने उससे मारपीट की। सेहराई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बम्मन खिरिया निवासी भाव से लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उससे मारपीट की गई है।

मंदिर से पूजा पाठ कर अपने घर लौट रही थी महिला

भाजपा मंडल अध्यक्ष की मां को हिप्नोटाइज कर बदमाश जेवर, नकदी व मोबाइल ले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





बदमाशों ने महिला को हिप्नोटाइज किया और पानी की बोतल खरीदने ले गए

अशोकनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रांजल जैन की मां अनंत देवी जैन पत्नी स्वर्गीय पदम जैन शनिवार की सुबह मंदिर पूजा पाठ के लिए गईं थीं वहां से सुबह 7 बजे घर वापस लौटते समय अज्ञात बदमाशों ने उन्हें हिप्पनोटाइज कर पहने हुए गहने, पर्स में रखे नगदी रुपए और दो मोबाइल अपने साथ ले गए। बदमाश जैसा कहते गए महिला वैसा करती रही, जब बदमाश घटना को अंजाम देकर भाग गए तब महिला को लगा कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है तब महिला अपने परिवार जनों को घटना से अवगत कराया।

8 लाख रुपए के जेबर ले गए बदमाश

इस घटना में अज्ञात बदमाश महिला के गले में पहनी हुई सोने की चैन, सोने की अंगूठी, सोने की चूड़ी, और दो मोबाइल फोन व नगदी 3000 रूपए अपने साथ लेकर भाग गए। महिला ने घटना की रिपोर्ट सिटी कोतवाली अशोकनगर में दर्ज कराई है। जिसमें कहा गया है कि वह सुभाषगंज जैन मंदिर से पूजा पाठ कर अपने घर आई तो घर के आगे एक अज्ञात व्यक्ति आया जो कहने लगा कि वह हरिद्वार में चश्में का कार्य करता है क्या आप जानती हो। उसने कहा कि आपके पति को गुजरे हुए 9 साल हो गए हैं ऐसा ही संकट आपके पुत्र पर आने वाला है क्योंकि माताराानी आपसे रूष्ठ हैं। इसी बीच एक दूसरा अन्य व्यक्ति आया और वह उससे कहने लगा कि दो बार अटैक आ गया है, तब लगा कि वह मेरे मन की बात कह रहा है मुझे उसकी बातों पर विश्वास हो गया तब मैने कहा कि मुझे क्या करना चाहिए। इस दौरान अज्ञात बदमाशों से इस संकट का समाधान बताते हुए कहा कि 5 रूपए आप मिलां दे और 5 रूपए दूसरे व्यक्ति से कहा कि तुम मिला दो एक पानी की बोतल ले आते हैं। तब महिला ने कहा कि वह अपने घर के ऊपर से पानी केंपर लेकर आती है वह कहने लगे कि बोतल का पानी चाहिए। इस दौरान वह महिला को अपने साथ लेकर गए और रेलवे स्टेशन के पास दुकान से पानी की बोतल लेने के लिए चले गए। दूसरे व्यक्ति ने 10 रूपए और मिलाए 20 रूपए में बोतल ली और कहा कि वह हरिद्वार जाकर माता रानी पर यह जल चढ़ा देगें पर माताराानी को सोने के आभूषण पसंद नहीं हैं।

सोने के आभूषण एक-एक कर पर्स में रखवाए और गायब हो गए

इसलिए सोना तुम्हारे शरीर पर नहीं होना चाहिए इसको उतारकर अपने पर्स में रख लो। ऐसा कहने पर महिला ने अपने जेबर अपने पर्स में रख लिए और एक व्यक्ति कहने लगा कि तुम 5 कदम चलो और पीछे मुड़कर मत देखना। कुछ देर बाद मैने पीछे मुड़कर देखा तो वह दोनों नहीं थे और मेरे पर्स को लेकर जा चुके थे। मैने घर पर बेटे प्रांजल को आवाज दी उसे सारी घटना बताई। घटना की सूचना सिटी कोतवाली पुलिस को दी गई, जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर मामला दर्ज किया है। इस घटना को लेकर पुलिस आस पास के सभी घरों के और दुकानों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से आरोपियों की तलाश करने में जुटी है। इस घटना से यह लगता है कि यह आरोपी पहले से रैकी कर चुके थे उन्हें पता था कि महिला इतने समय पर मंदिर आती है और कब लौटती है। उसे इस घटना क्रम से यह भी पता लगता है कि वह परिवार के बारे में भी जानकारी रखते थे या उन्होंने जानकारी जुटा ली थी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले में आरोपियो की तलाश कर रही है, जो फुटेज सामने आए हैं उन फुटेजों के आधार पर भी पुलिस आरोपियो की तलाश कर रही है। इस संबंध में सिटी कोतवाली के टीआई रवि प्रतापसिंह चैहान ने बताया कि आरोपियों की तलाश के लिए कई टीमें लगी हैं।

विभिन्न ब्राण्ड के घी की जब्ती

खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने लिए घी के नमूने, जांच के लिए भेजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर




खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत जुलाई माह में चले दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद के संबंध में विशेष अभियान अंतर्गत भोपाल में लिये गये द्वारकेश घी,भूमि घी, शगुन घी,गोवर्धन घी तथा धौलपुर फ्रेश घी के असुरक्षित पाये जाने पर नियंत्रक, खाद्य सुरक्षा प्रशासन भोपाल द्वारा दिये गए निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन,अशोकनगर के द्वारा कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में जिले भर में लगातार जांच कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान पुराना बाजार स्थित राहुल एजेंसी से गोवर्धन घी तथा राजभोग घी,विदिशा रोड,त्रिदेव मंदिर के पास स्थित चैधरी सेल्स से पतांजलि घी तथा सुभाषगंज स्थित अमित ट्रेडर्स से देशी घी धौलपुर फ्रेश का नमूना लिया जाकर जांच हेतु भेजा गया। आगामी कार्यवाही जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत की जाएगी।

वर्तमान में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा उक्त लिये गये नमूनो के संबंध में विवेचना की जा रही है तथा मौके पे उपलब्ध गोवर्धन घी,राजभोग घी तथा धौलपुर फ्रेश घी को जब्त भी किया गया है। जिसका कुल मूल्य लगभग 02 लाख रूपये है। नियंत्रक, खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार वह सभी धी जो कि 400 से लेकर 500 रूपये किलो की कीमत में बेचे जाते है। उनकी शुद्धता संदेह के घेरे में आती है। शिकायत मिलने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी लीना नायक द्वारा जिले में जांच एवं कार्यवाही की जा रही है। बाजारों में उपलब्ध इस प्रकार के सस्ते घी जैसे डी एफ गोल्ड घी,बृजवासी घी, श्रीकृष्ण मोहन घी,गोपीश्री इत्यादि का नमूना लिया गया है तथा इन पर संबधित खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध न्यायालयीन प्रकरण भी दर्ज किये जा चुके है। इसके अतिरिक्त मधुसूदन घी तथा हरियाणा फ्रेश घी का भी नमूना लिया गया है। जिसकी रिपोर्ट प्राप्ति अनुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन के द्वारा आगामी कार्यवाही की जावेगी। जिला प्रशासन एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा आम जनता से भी अपील की गई है कि कम मूल्य पर विक्रित किये जा रहे इन सस्ते घी तथा तेल एवं वनस्पति से निर्मित किये जाने वाले कुकिंग मीडियम के उपयोग से बचे एवं सस्ते के लालच में अपने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न करें और यदि किसी खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा इस प्रकार के सस्ते घी का विक्रय किया जा रहा है तो इसकी सूचना खाद्य सुरक्षा प्रशासन अशोकनगर को दें।

मंडी में अप्रैल से जुलाई तक आवक में 6 प्रतिशत व आय में 94 प्रतिशत की वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





अशोकनगर कृषि उपज गल्ला मंडी में अप्रेल से जुलाई तक के आंकड़ों को अगर देखें तो आय में गतवर्ष की तुलना में 94 प्रतिशत की अधिक वृद्धि हुई है जबकि आवक में 6 प्रतिशत की वृद्धि रही है। मंडी में आय का लगातार आंकड़ा बढ़ रहा है।

कृषि उपज मंडी के सचिव प्रेम सिंह मीणा ने बताया कि मण्डी में अप्रेल से जुलाई 2025 में 203510 मेट्रिक टन माल की आवक हुई थी, इस वर्ष अप्रेल से जुलाई 2026 तक माल की आवक 215720 मेट्रिक टन हुई है जिससे 6 प्रतिशत माल की अधिक आवक हुई है। अगर आय के आंकड़ों की बात करें तो अप्रेल से जुलाई 2025 तक अशोकनगर मंडी को आय 7162678 रूपए की आय हुई थी, इस वर्ष अप्रेल से जुलाई 2026 तक यह आय 13911312 की हुई है जो 94 प्रतिशत अधिक है। इतनी आय इससे पहले अशोकनगर मण्डी को कभी नहीं हुई।

अशोकनगर मंडी में गेहूं की आवक 12909 टन हुई, जबकि चना की आवक 2369 मेट्रिक टन रही, बड़ी फसलों में मक्का की आवक 226 टन, मसूर की आवक 497 टन, सरसों की आवक 1206 मेट्रिक टन और सोयाबीन की आवक 3676 मेट्रिक टन रही। यानी अप्रेल से जुलाई 2026 तक कुल माल की आवक अशोकनगर मण्डी में 21572 मेट्रिक टन रही। जिसमें छः प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि गत वर्ष इन चार महीनों में गेहूं की आवक 12987 मेट्रिक टन थी, चना की आवक 1493 मेट्रिक टन थी, सोयाबीन की आवक 4138 मेट्रिक टन थी सरसों की आवक 639 टन, मसूर की आवक 328 मेट्रिक टन थी और मक्का की आवक 21 मेट्रिक टन थी। मण्डी में पिछले 4 महीनों में आवक और आय दोनों बढ़ी हैं।

मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के अंतर्गत मुंगावली में उद्यम संवाद कार्यक्रम का आयोजन

अशोकनगर। मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत जनपद पंचायत सभागृह, मुंगावली में उद्यम संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, कलेक्टर साकेत मालवीय,जनपद पंचायत अध्यक्ष मुंगावली विजयालक्ष्मी जैन, सीईओ जिला पंचायत राजेश जैन, एसडीएम मुंगावली बृजविहारी लाल श्रीवास्तव, नगर पालिका परिषद मुंगावली सीएमओ विनय कुमार भट्ट, महाप्रबंधक उद्योग विभाग सतेन्द्र लोधा, जनप्रतिनिधि एवं विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उद्यम संवाद कार्यक्रम में विभिन्न स्वरोजगार योजना से संबंधित हितग्राही उपस्थित हुए जिन्हें स्वरोजगार योजना के तहत स्वीकृत/वितरण पत्र भी प्रदान किये गये। साथ ही उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान विभिन्न स्वरोजगार विभागों द्वारा अपनी- अपनी योजनाओं के बारे में भी हितग्राहियों को जानकारी उपलब्ध कराई गई।

शिक्षकों व विद्यार्थियों से किया संवाद

पुलिस अधिकारियों ने विद्यालयों में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में विद्यालयों को सुरक्षित, भयमुक्त एवं अनुशासित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा विशेष पहल प्रारंभ की गई है। जिले के विभिन्न विद्यालयों में पुलिस अधिकारियों द्वारा पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ-साथ शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया जा रहा है।

पुलिस अधिकारियों द्वारा विद्यालय परिसरों एवं उनके आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति का अवलोकन किया गया। इस दौरान शिक्षकों एवं विद्यालय स्टाफ से उनकी सुरक्षा संबंधी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं सुझावों के संबंध में चर्चा की गई। विद्यार्थियों से भी संवाद स्थापित कर उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या अथवा असुरक्षा की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल पुलिस अथवा विद्यालय प्रबंधन को सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया। इस पहल का प्रमुख उद्देश्य विद्यालयों के आसपास असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना, संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी बढ़ाना तथा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के मन में सुरक्षा और विश्वास की भावना को और मजबूत करना है। पुलिस द्वारा विद्यालयों के आसपास नियमित गश्त एवं निगरानी के माध्यम से सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

पुलिस अधिकारियों की विद्यालयों में नियमित उपस्थिति से पुलिस, शिक्षक एवं विद्यालय प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो रहा है। पुलिस अधिकारियों के साथ सीधे संवाद से शिक्षकों को अपनी समस्याएं एवं सुझाव सहज रूप से रखने का अवसर मिल रहा है। विद्यार्थियों के लिए निर्भीक, सुरक्षित एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण निर्मित करने में भी सहायता मिल रही है। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालयों की सुरक्षा को प्राथमिकता देना अत्यंत सराहनीय कदम है।

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा तथा विद्यालयों में शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने जिले के सभी थाना प्रभारी, बीट प्रभारी एवं माइक्रो बीट प्रभारियों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में आने वाले विद्यालयों के शिक्षकों एवं स्कूल स्टाफ से नियमित संपर्क बनाए रखने तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनने के निर्देश दिए हैं। विद्यालय अथवा उसके आसपास किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, असामाजिक तत्व की मौजूदगी या सुरक्षा संबंधी समस्या की जानकारी तत्काल पुलिस को दी जाए, ताकि पुलिस द्वारा समय पर आवश्यक कदम उठाए जा सकें। विद्यालयों के आसपास सतत निगरानी, नियमित गश्त एवं आवश्यकता अनुसार प्रभावी सुरक्षात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत कई बच्चों की सर्जरी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





कलेक्टर साकेत मालवीय के मार्गदर्शन में सीएमएचओ डॉ अलका त्रिवेदी के निर्देशन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत भोपाल में निःशुल्क सर्जरी हुई। आरबीएसके मेडिकल ऑफिसर डॉ सौरभ शर्मा ने बताया कि जन्म से सुनने और बोलने में असमर्थ कस्बारेंज निवासी 4 वर्षीय आतिफ खान अब धीरे-धीरे सुनने और बोलने लगेगा आरबीएसके कार्यक्रम के तहत हुई निशुल्क क्लियर इंप्लांट सर्जरी ने उसके जीवन में नई उम्मीद जगा दी है। आतिफ जन्म से सुनने बोलने में असमर्थ था राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्क्रीनिंग के दौरान उसे चिन्हित कर जिला चिकित्सालय अशोकनगर रेफर किया गया। उसके उपरांत ऑडियोलॉजिस्ट विवेक सोनी द्वारा जाँच कर भोपाल के दिव्या मदज क्लिनिक में सर्जरी के लिए रेफर किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अलका त्रिवेदी की अध्यक्षता में आयोजित समिति ने सर्जरी के लिए 6,50,000 की राशि स्वीकृत की जुलाई माह में आतिफ का निःशुल्क कॉक्लियर इंप्लांट सर्जरी हुई। अब आतिफ कि एवीटी श्रवण-मौखिक चिकित्सा) होगी जिससे आतिफ सुनने बोलने में समर्थ हो जाएगा।

अशोकनगर में 22 मिमी, ईसागढ़ व चंदेरी में 30-30 मिमी वर्षा

अभी तक जिले में हुई महज 40.65 प्रतिशत बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



बीती रात अशोकनगर जिले में हुई वर्षा से उम्मीद जगी थी कि यह वर्षा लगातार जारी रहेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ बादल आए बरसे और चल गए। इस दौरान अशोकनगर में 22 मिलीमीटर, ईसागढ और चंदेरी में 30-30 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। अभी तक जिले में 40.65 प्रतिशत वर्षा ही हुई है। जिसमें अशोकनगर में 28.35, चंदेरी में 42.40 प्रतिशत,ईसागढ में 24.72 और मुंगावली में 69 प्रतिशत वर्षा हुई है। जिला गत वर्ष से 709.50 मिलीमीटर पीछे है। जिले में अब तक हुई वर्षा की बात करें तो अशोकनगर में 241 मिलीमीटर, चंदेरी में 424 मिलीमीटर, ईसागढ़ में 217 मिलीमीटर, और मुंगावली में 552 मिलीमीटर वर्षा हुई है। जबकि गत वर्ष आज दिनांक तक अशोकनगर में 798 मिलीमीटर, चंदेरी में 1127 मिलीमीटर, ईसागढ में 1149 मिलीमीटर और मुंगावली में 1198 मिलीमीटर वर्षा हुई थी।

अशोकनगर जिले में अभी तक मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार सबसे अधिक वर्षा मुंगावली में 552 मिलीमीटर हुई है, मुंगावली में गत वर्ष भी आज दिनांक तक अच्छी वर्षा हुई थी, दरअसल मुंगावली का क्षेत्र सागर जिले से जुड़ा हुआ है, और सांगर जिले में जो वर्षा होती है उसकी एक पटटी मुंगावली से गुजरती है, जिसका असर मुंगावली में पड़ता है और मुंगावली को अच्छी बर्षा का लाभ मिल रहा है। मध्यप्रदेश में ग्वालियर चंबल संभाग में मानसून की वर्षा कमजोर है जिसका असर अशोकनगर जिले की शेष तहसीलों में भी पड़ रहा है। जिले की ईसागढ़ तहसील में मात्र 217 मिलीमीटर वर्षा हुई है जबकि अशोकनगर दूसरे क्रम पर है जहां वर्षा का आंकड़ा 241 मिलीमीटर का है।

अशोकनगर जिले की अशोकनगर तहसील में 850 मिलीमीटर औसत वर्षा मानी जाती है, गतवर्ष 1191 मिलीमीटर वर्षा हुई थी, यहां औसत वर्षा से 341 मिलीमीटर अधिक पानी गिरा था। इसी प्रकार चंदेरी में 1000 मिलीमीटर पर्याप्त वर्षा मानी जाती है, यहां गतवर्ष 1794 मिलीमीटर वर्षा हुई थी, यहां 794 मिलीमीटर अधिक पानी गिरा था। जबकि ईसागढ में 878 मिलीमीटर औसत वर्षा मानी जाती है, यहां गतवर्ष 1590 मिलीमीटर बारिस हुई थी यहां 712 मिलीमीटर अधिक वर्षा हुई थी। इसी प्रकार मुंगावली में 800 मिलीमीटर पर्याप्त वर्षा मानी जाती है, यहां गतवर्ष 1593 मिलीमीटर वर्षा हुई थी, यानी 793 मिलीमीटर अधिक पानी गिरा था। पूरे जिले को औसत वर्षा के रूप में 882 मिलीमीटर वारिस की जरूरत है, गतवर्ष 1542 मिलीमीटर बारिस हुई थी और अभी तक 358 मिलीमीटर वर्षा हुई है, औसत वर्षा से अशोकनगर जिला 524 मिलीमीटर पीछे है।

फुटकर वर्षा से खेती को लाभ जल स्त्रोत खाली

जिले में वर्षा जून से आज दिनांक तक जो पानी गिरा है वह पानी फुटकर में गिरता आ रहा है कहा जाता है कि बूंद बूंद से घड़ा भरता है, लेकिन यह बूंद-बूंद पानी नदी नालों और तालाबों के काम नहीं आ रहा। यहां वर्षा का पानी फुटकर में गिरने के कारण तालाबों में नहीं पहुंच रहा है, जिससे अशोकनगर जिले के सभी जल स्त्रोत खाली पड़े हैं। बीती रात एक दिन में जो वर्षा हुई है वहीं वर्षा बड़ी वर्षा के रूप में सामने आ रही है सबसे अधिक चिंता अशोकनगर शहर के लोगों को है कि अगर पानी आने वाले दिनों में नही गिरा तो शहर की जनता को अमाही तालाब में पानी न आने के कारण जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। यह खतरनाक चैतावनी अशोकनगर का अमाही जलाशय दे रहा है। एक ओर जल संकट है तो दूसरी और जिले में फसलें तैयार हो रही हैं भले ही इस पानी से जल स्त्रोत न भरे हों लेकिन फसलों को पर्याप्त मात्रा में पानी मिल रहा है जो फसलों के अनुकूलता के अनुपात में ठीक है जिसके कारण फसलें अच्छी स्थिति में बताई जा रही हैं।

पड़रिया व पलकाटोरी में बूथ समिति की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी के निर्देशन में पछार मंडल के ग्राम पड़रिया एवं पलकाटोरी में शनिवार को बूथ समिति की बैठकों का आयोजन किया गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि बैठक में संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए आगामी कार्ययोजना को लेकर आवश्यक रणनीति तैयार की। इस अवसर पर पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, जिला उपाध्यक्ष एवं पछार मंडल प्रभारी दीपक पालीवाल, मंडल अध्यक्ष सनत शर्मा, सांसद प्रतिनिधि हरिओम नायक,पड़रिया सरपंच मेहरबान सिंह,कार्तिक शर्मा,लालाराम कुशवाहा, प्रदुम्न यादव, मुकेश पाल सहित बूथ समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।